**प्रादेशिक समाचार एकांश**
**आकाशवाणी भोपाल**

दिनांक 29.04.2025 समय: 2.10 PM

**प्रधानमंत्री-युग्म**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि 21वीं सदी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सरकार देश की शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक बना रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र देश के हर विद्यार्थी के लिए विश्व स्तरीय ज्ञान सुगम बना रहा है। श्री मोदी ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में सरकार, शिक्षा समुदाय, उद्योग और नवोन्मेषक समुदाय के नेताओं के पहले रणनीतिक सम्मेलन **युग्म** को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि देश का भविष्य युवाओं पर निर्भर है। इसलिए भारत के उज्ज्वल भविष्य के लिए उन्हें तैयार करना महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि नई शिक्षा नीति देश में परिवर्तन ला रही है।

**भारत-पाकिस्तान बेनकाब**

भारत ने पहलगाम आतंकी हमले का मुद्दा संयुक्त राष्ट्र में जोरदार तरीके से उठाया है और आतंकवादियों को प्रशिक्षण देने और उन्हें धन मुहैया कराने संबंधी पाकिस्तानी मंत्री के कबूलनामे को भी उठाया है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के हाल के एक टेलीविजन साक्षात्कार का संयुक्त राष्ट्र में भारत की उप-स्थायी प्रतिनिधि योजना पटेल ने उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि उस साक्षात्कार में आतंकी गुटों को समर्थन, प्रशिक्षण और धन मुहैया कराने संबंधी पाकिस्तान के इतिहास को लेकर वहां के रक्षा मंत्री के कबूलनामे को पूरी दुनिया ने सुना है। राजदूत पटेल ने कहा कि पहलगाम में हाल के आतंकी हमले के परिदृश्य में विश्वभर के नेताओं और सरकारों द्वारा प्रदर्शित किये गए सशक्त, स्पष्ट समर्थन और एकजुटता के प्रति भारत आभारी है।

**विपक्ष का पत्र- विशेष सत्र**

राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पहलगाम में हुए क्रूर आतंकी हमले के मद्देनजर संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लिखे अलग-अलग पत्रों में दोनों नेताओं ने आग्रह किया है कि राष्ट्रीय एकता और संकल्प को प्रदर्शित करने के लिए दोनों सदनों का विशेष सत्र जल्द से जल्द बुलाया जाए।

**जल गंगा संवर्धन अभियान**

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत रायसेन जिले में चौपड़ा तालाब पर श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी मौजूद रहे. उन्होंने कहा कि बारिश से पहले जल की हर बूंद को संरक्षित करने की सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है इसलिए अपने आसपास कुंए बावड़ी एवं जल स्त्रोतों की जरूर साफ सफाई करें । नर्मदापुरम जिले में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद एवं रिलाएबल सोशल वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में सिवनी मालवा विकासखंड के अंतर्गत नर्मदा तट बाबरी घाट पर श्रमदान किया गया।

**मौसम**

प्रदेश में मौसम के दो रंग देखने को मिल रहे हैं। प्रदेश में कहीं भीषण गर्मी के चलते लू चल रही है तो कहीं आंधी-बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने प्रदेश में अगले 4 दिन तक बारिश का अलर्ट जारी किया है। जिसका पूर्वी और दक्षिणी हिस्से यानी नर्मदापुरम, रीवा, सागर, जबलपुर और शहडोल संभाग में सबसे ज्यादा असर पड़ेगा। आज पूर्वी हिस्से के 6 जिलों में बारिश हो सकती है। इनमें

शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला और बालाघाट शामिल हैं। भोपाल में भी आज बादल छाये हुए हैं और तापमान 40 डिग्री के आसपास बना हुआ है.

**समाचार संक्षेप**

1. आगरमालवा में महिला बाल विकास विभाग द्वारा जिले में भिक्षावृत्ति रोकथाम अभियान के अंतर्गत नलखेड़ा में मां बगलामुखी मंदिर परिसर में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया.

2. उड़ीसा के पारादीप में 1-3 मई तक आयोजित होने वाली यूथ टेनिस वॉलीबॉल प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए मध्य प्रदेश का दल आज रवाना हुआ । दल में उत्कृष्ट विद्यालय जुन्नारदेव के मीत नयन निवारे और अंबर यदुवंशी भी शामिल हैं।

3. जबलपुर लॉर्डगंज थाने में पदस्थ 28 साल के कॉन्स्टेबल सौरभ शुक्ला की हार्ट अटैक से मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब वे क्रिकेट मैच जीतने के बाद अपने दोस्तों के साथ जश्न मना रहे थे।

4. छिंदवाडा जिले के ग्राम मालेगांव के दो युवकों की गाडरवारा में नदी मे डूबने से मौत हो गई। दोनों युवक नहाने के लिए नर्मदा नदी में उतरे थे।

--------------------